'वर्ल्ड कप जैसी जीत', थॉमस कप बैडमिंटन में भारत बना चैंपियन

नई दिल्ली। टीम इंडिया ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए थॉमस कप बैडमिंटन का खिताब जीत लिया है। रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने इंडोनेशिया को 3-0 से मात दी। भारत ने 73 साल के इतिहास में पहली बार इस टूर्नामेंट को जीतने में सफलता हासिल की है। थॉमस कप को पुरुषों का विश्व टीम चैंपियनशिप भी कहा जाता है, ऐसे में यह जीत 1983 क्रिकेट विश्व कप जीत जैसी है।

पहले मुकाबले में वर्ल्ड नंबर-9 लक्ष्य सेन ने एंथनी सिनिसुका गिनटिंग को 8-21, 21-17, 21-16 से मात दी। दूसरे मैच में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने केविन संजय सुकामुल्जो और मोहम्मद अहसान की जोड़ी को 18-21, 23-21, 21-19 से पराजित किया। इसके बाद तीसरे मुकाबले में किदांबी श्रीकांत ने जोनाथन क्रिस्टी को 21-15, 23-21 से शिकस्त दी।

केवल एक टीम से हारी टीम इंडिया

थॉमस कप में फाइनल तक सफर भारत का शानदार रहा। भारतीय टीम को फाइनल तक के सफर में ग्रुप स्टेज मैच में एकमात्र शिकस्त चीनी ताइपे के खिलाफ मिली थी। भारतीय टीम ने ग्रुप स्टेज मैच में जर्मनी को 5-0 से, कनाडा को 5-0 से हराया। वहीं चीनी ताइपे से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। क्वार्टर फाइनल में 5 बार की विजेता मलेशिया को हराया, तो सेमीफाइनल में सबसे ज्यादा 32 बार फाइनल स्टेज खेलने वाली डेनमार्क जैसी टीम को हराया। डेनमार्क 2016 की विजेता टीम है।

खेल मंत्रालय ने भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम के लिए एक करोड़ रुपये के पुरस्कार की घोषणा की

नई दिल्ली। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम को एक करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की जिसने पहली बार प्रतिष्ठित थॉमस कप का खिताब जीतकर इतिहास रचा। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने रविवार को थॉमस कप के फाइनल में 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को 3-0 से हराया। ठाकुर ने बयान में कहा, ''मलेशिया, डेनमार्क और इंडोनेशिया के खिलाफ प्ले आफ में लगातार मुकाबलों में जीत की भारत की असाधारण उपलब्धि नियमों में छूट की हकदार है। ''उन्होंने कहा, ''मैं गर्व के साथ उस टीम को एक करोड़ रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा करता हूं जिसने भारतीयों को इस सप्ताहांत खुशी के पल दिए।''ठाकुर ने इस एतिहासिक जीत के लिए भारतीय टीम के खिलाड़ियों, कोच और सहयोगी स्टाफ को बधाई थी।

आईपीएल पाइंट टेबल

टीम	मैच	जीते	हारे	अंक
गुजरात	13	10	3	20
राजस्थान	13	8	5	16
लखनऊ	13	8	5	16
बैंगलोर	13	7	6	14
दिल्ली	12	6	6	12
कोलकाता	13	6	7	12
पंजाब	12	5	7	10
हैदराबाद	11	5	6	10
चेन्नई	13	4	9	8
मुंबई	12	3	9	6

ऑरेंज कैप

जोस बटलर
627 रन
राजस्थान रॉयल्स

पर्पल कैप

युजवेन्द्र चहल
24 विकेट
राजस्थान रॉयल्स

खबर संक्षेप

किमेली, चेपटाई ने जीते टीसीएस विश्व 10के दौड़

बेंगलुरु। कीनिया के निकोलस किपकोरिर किमेली और इरीन चेपटाई ने रविवार को यहां टीसीएस विश्व 10के (10 किलोमीटर) बेंगलुरु में कोर्स रिकॉर्ड तोड़ते हुए क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के खिताब अपने नाम किए। टोक्यो ओलंपिक की 5000 मीटर स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहने वाले किमेली ने पुरुष वर्ग में 27 मिनट 38 सेकेंड से जबकि चेपटाई ने विश्व एथलेटिक्स एलीट लेबल रेस के महिला वर्ग में 30 मिनट 35 सेकेंड के समय से पहला स्थान हासिल किया। किमेली ने छह सेकेंड से 2014 में हमवतन ज्योफ्री कामवोरोर के बनाए गए कोर्स रिकॉर्ड को तोड़ा।

भारतीयों में पारुल और अभिषेक चैंपियन

बेंगलुरु। भारत की ओर से महिला वर्ग में पारुल चौधरी और पुरुष वर्ग में अभिषेक पाल चैंपियन रहे। पारुल चौधरी ने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जो 34 मिनट 38 सेकेंड से भारतीयों में पहले स्थान पर रहीं। गत चैंपियन संजीवनी दूसरे (34:44) और कोमल जगदाले (35:28) तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों में अभिषेक ने 30 मिनट पांच सेकेंड के समय से शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि कार्तिक कुमार और गुलवीर सिंह ने 30:06 सेकेंड के समय से अगले दो स्थान हासिल किए।

निकहत, परवीन और अनामिका विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली। एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता निकहत जरीन (52 किग्रा) ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को इस्तांबुल में अनामिका (50 किग्रा) और परवीन (63 किग्रा) के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। निकहत ने मंगोलिया की लुत्सैखान अल्तांतसेटसेग को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से पटखनी दी। इसके बाद परवीन ने पूर्व युवा ओलंपिक चैंपियन अमेरिका की जजैरा गोंजालेज को 5-0 से हराकर अपनी आक्रामक खेल का परिचय दिया, तो वहीं अनामिका ने विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया की क्रिस्टी ली हैरिस को इसी अंतर से हराया। शिक्षा (54 किग्रा) का सफर हालांकि मंगोलिया की युवा एशियाई कांस्य पदक विजेता येसुगेन ओयुनसेटसेग के 2-3 के खंडित फैसले से हार के साथ खत्म हुआ। निकहत ने अपने मुकाबले में शुरुआत से ही दबदबा बनाते हुए मंगोलिया की मुक्केबाज को कोई मौका नहीं दिया।

चेन्नई सुपर किंग्स की 9वीं हार, सात विकेट से गंवाया मैच

साहा का अर्धशतक, गुजरात ने शीर्ष दो में पक्की की जगह

एजेंसी ▶▶| मुंबई

गुजरात टाइटन्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल मैच में सात विकेट से हराकर शीर्ष दो में जगह सुनिश्चित की। अपने पहले ही आईपीएल में कप्तान हार्दिक पंड्या की गुजरात टाइटन्स ने शानदार प्रदर्शन किया। पहले ही प्लेऑफ में स्थान पक्का कर चुकी गुजरात टाइटन्स 13 मैचों में 20 अंक से शीर्ष पर पहुंच गई है जिसका मतलब है कि टीम को फाइनल में जगह बनाने का एक अतिरिक्त मौका मिलेगा।

- गुजरात टाइटन्स 13 मैचों में 20 अंक लेकर शीर्ष पर

चेन्नई सुपर किंग्स ने सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ (53 रन) के अर्धशतक और एन जगदीशन के नाबाद 39 रन की मदद से पांच विकेट पर 133 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटन्स को साहा (67 रन) ने जीत की ओर अग्रसर किया जिससे टीम ने पांच गेंद रहते तीन विकेट पर 137 रन बनाकर जीत हासिल की। मैथ्यू वेड ने 20 रन, शुभमन गिल ने 18 रन और डेविड मिलर ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया।

ऋद्धिमान साहा
मैन ऑफ द मैच
67* रन
57 गेंद
08 चौके
01 छक्का

एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स जड़ने का बना रिकॉर्ड

चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच खेले गए मुकाबले में इतिहास रचा गया। इस मैच की पहली पारी में जब सिक्स लगाए तब आईपीएल के किसी भी एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्कों का रिकॉर्ड बन गया। यह मुकाबला इस सीजन का 62वां मैच था। अभी तक आईपीएल 2022 में 873' छक्के जड़े गए हैं। जो किसी भी एक सीजन में लगे सबसे ज्यादा सिक्स का एक रिकॉर्ड है। इससे पहले यह रिकॉर्ड आईपीएल 2018 में था, जब पूरे सीजन में कुल 872 छक्के लगे थे। आपको बता दें कि आईपीएल 2022 में टीमों की संख्या भी ज्यादा हुई है, इस बार आठ की बजाय दस टीमें खेल रही हैं। ऐसे में कुल मैच भी बढ़ गए हैं, यही कारण है कि छक्कों की संख्या भी बढ़ गई है।

किस सीजन में लगे कितने छक्के

सत्र	छक्के	कुल मैच
2022	873	62वां
2018	872	60
2019	784	60
2020	734	60
2012	734	75

प्ले-ऑफ की उम्मीद बरकरार रखने उतरेंगे दिल्ली और पंजाब

नवी मुंबई। प्रदर्शन में निरंतरता लाने के लिए जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स और पंजाब किंग्स की टीम सोमवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में एक-दूसरे को हराकर प्ले आफ में जगह बनाने की उम्मीद जीवंत रखने के इरादे से उतरेंगी। दोनों ही टीम मौजूदा सत्र में अब तक लगातार दो मैच नहीं जीत पाई हैं और दोनों ही टीम एक और मुकाबला हारने की स्थिति में भी नहीं हैं। पंजाब की टीम 12 अंक के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

स्कोर बोर्ड

चेन्नई सुपर किंग्स :	रन	गेंद	4	6
गायकवाड़ का वेड बो राशिद	53	49	4	1
कोनवे का साहा बो शर्मा	05	09	0	0
अली का राशिद बो किशोर	21	17	0	2
एन जगदीशन नाबाद	39	33	3	1
दुबे का साहा बो जोसफ	00	02	0	0
धोनी का दयाल बो शर्मा	07	10	0	0
मिशेल सैंटनर नाबाद	01	01	0	0

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 133/5
गेंदबाजी : शर्मा 4-0-19-2, हार्दिक 2-0-8-0, दयाल 3-0-27-0, राशिद 4-0-31-1, जोसफ 3-0-15-1, किशोर 4-0-31-1.

गुजरात टाइटन्स	रन	गेंद	4	6
ऋद्धिमान साहा नाबाद	67	57	8	1
गिल पगबाधा बो पाथिराना	18	17	3	0
वेड का दुबे बो मोईन अली	20	15	2	0
हार्दिक का दुबे बो पाथिराना	07	06	1	0
डेविड मिलर नाबाद	15	20	1	0

अतिरिक्त : 07, कुल : 19.1 ओवर में 137/3
गेंदबाजी : चौधरी 3-0-28-0, सिमरनजीत 3-0-26-0, सैंटनर 4-0-24-0, सोलंकी 4-0-18-0, पाथिराना 3.1-0-24-2, अली 2-0-11-1.

लखनऊ को हराकर तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा राजस्थान

मुंबई। यशस्वी जायसवाल (41) के साथ कप्तान संजू सैमसन (32) और देवदत्त पडिक्कल (39) की उपयोगी पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने रविवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स को 24 रन से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही राजस्थान की टीम 16 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। टीम की 13 मैचों में यह आठवीं जीत है। लखनऊ के भी 16 अंक है लेकिन बेहतर नेट रनरेट के कारण राजस्थान की टीम दूसरे स्थान पर आ गई है। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 178 रन बनाने के बाद लखनऊ को आठ विकेट पर 154 रन पर रोक दिया। लखनऊ के लिए दीपक हुड्डा ने 39 गेंद में 59 रन बनाये लेकिन कृणाल पंड्या (23 गेंद में 25 रन) के अलावा उन्हें और किसी का साथ नहीं मिला। आखिरी ओवरों में मार्कस स्टोइनिस ने 17 गेंद में 27 रन बनाए। राजस्थान के लिए ट्रेंट बोल्ट, प्रसिद्ध कृष्णा और ओबेद मकॉय ने दो-दो तो वहीं रविचंद्रन अश्विन और युजवेन्द्र चहल ने एक-एक विकेट लिये। बोल्ट ने चार ओवर में महज 18 जबकि अश्विन ने इतने ही ओवर में सिर्फ 24 रन दिये। इससे पहले जायसवाल ने 29 गेंद की पारी छह चौके और एक छक्का लगाने के साथ दूसरे विकेट लिए सैमसन के साथ 64 रन की अहम साझेदारी की।

राजस्थान - 178/6 (20)

खिलाड़ी	रन
यशस्वी का एवं बो बडोनी	41
जोस बटलर बो आवेश	02
सैमसन का हुड्डा बो होल्डर	32
देवदत्त का कृणाल बो बिश्नोई	39
पराग का स्टोइनिस बो बिश्नोई	19
नीशम रन आउट (राहुल/बिश्नोई)	14
रविचंद्रन अश्विन नाबाद	10
ट्रेंट बोल्ट नाबाद	17

अतिरिक्तः (लेग बाईः 01 , नो बॉलः 01 वाइडः 02) 04
कुल योगः (20 ओवर में छह विकेट पर) 178 रन
विकेट पतनः 1-11, 2-75, 3-101, 4-122, 5-149, 6-152
गेंदबाजीः मोहसिन 4-0-43-0, चमीरा 3-0-35-0, आवेश 3-0-20-1 होल्डर 2-0-12-1, बिश्नोई 4-0-31-2 स्टोइनिस 1-0-15-1, बडोनी 1-0-5-1 कृणाल 2-0-16-0

लखनऊ - 154/8 (20)

खिलाड़ी	रन
डिकॉक का नीशम बो बोल्ट	07
राहुल का जायसवाल बो कृष्णा	10
आयुष बडोनी पगबाधा बोल्ट	00
दीपक स्टं. सैमसन बो चहल	59
कृणाल का रियान बो अश्विन	25
स्टोइनिस का रियान बो कृष्णा	27
होल्डर का सैमसन बो मकॉय	01
दुश्मंता चमीरा बो मकॉय	00
मोहसिन खान नाबाद	09
आवेश खान नाबाद	01

अतिरिक्तः (लेग बाईः 03 , वाइडः12) 15
कुल योगः (20 ओवर में आठ विकेट पर) 154 रन
विकेट पतनः 1-15, 2-15, 3-29, 4-94, 5-116, 6-120, 7-120, 8-151
गेंदबाजीः बोल्ट 4-0-18-2, कृष्णा 4-0-32-2, चहल 4-0-42-1, अश्विन 4-0-24-1, मकॉय 4-0-35-2

इटली ओपनः जोकोविच की 1000वीं जीत

रोम। फ्रेंच ओपन से एक हफ्ता पहले सर्बिया के स्टार खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने शानदार लय हासिल करते हुए शनिवार को यहां कास्पर रूड को सीधे सेटों में हराकर इटली ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने रूड पर 6-4, 6-3 की जीत के साथ साल के अपने अब तक के सबसे बड़े फाइनल में जगह बनाई जहां वह छठा खिताब जीतने का प्रयास करेंगे। जोकोविच ने अपने कॅरियर की 1000वीं जीत दर्ज की।

क्रिकेट जगत ने एंड्रयू साइमंड्स को दी श्रद्धांजलि

सड़क दुर्घटना में मौत के बाद दुनियाभर के उनके प्रशंसक गमगीन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एंड्रयू साइमंड्स की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद दुनियाभर के अतीत के और वर्तमान क्रिकेटरों ने उन्हें भावुक श्रद्धांजलि दी जिसमें उनके आस्ट्रेलियाई टीम के साथी और अंतरराष्ट्रीय स्टार भी शामिल हैं जो इस खबर से स्तब्ध हैं।

आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट से लेकर तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी के अलावा भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने इस आलराउंडर को श्रद्धांजलि दी जिनकी शनिवार रात क्वीन्सलैंड में कार दुर्घटना में मौत हो गई। प्यार से लोग साइमंड्स को 'रॉय' कहकर बुलाते थे। वह 46 बरस के थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं।

ट्विटर पर जताया शोक

'अपने सबसे विश्वासपात्र, मजे करने वाले मित्र के बारे में सोचो जो आपके लिए कुछ भी कर सकता है। वह रॉय है। इससे काफी पीड़ा पहुंची है।'
एडम गिलक्रिस्ट

'सुबह उठते ही इतनी बुरी खबर मिली। बेहद निराश हूं। हम सभी को तुम्हारी कमी खलेगी मित्र।'
जेसन गिलेस्पी

'एंड्रयू साइमंड्स के निधन की खबर हम सभी के लिए स्तब्ध करने वाली है। मुंबई इंडियन्स में साथ समय बिताने के दौरान की काफी अच्छी यादें हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे, उनके परिवार और मित्रों के प्रति संवेदनाएं।'
सचिन तेंदुलकर

'एंड्रयू साइमंड्स के निधन की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। आप काफी जल्दी हमें छोड़कर चले गए। उनके परिवार और मित्रों के प्रति संवेदनाएं। दिवंगत आत्मा के लिए प्रार्थना करता हूं।'
हरभजन सिंह

साइमंड्स के सम्मान में बांधी काली पट्टी

मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटन्स के खिलाड़ियों ने रविवार को आईपीएल मैच में पूर्व आस्ट्रेलियाई आलराउंडर एंड्रयू साइमंड्स के सम्मान में बांह पर काली पट्टी बांधी जिनका कार दुर्घटना में निधन हो गया। साइमंड्स आईपीएल में भी खेले थे। पहले वह उस डेक्कन चार्जर्स का हिस्सा थे जो अब बंद हो चुकी है और फिर मुंबई इंडियंस की ओर से खेले थे। चार्जर्स के लिए खेलते हुए उन्होंने 2008 में शुरुआती चरण में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 53 गेंद में 117 रन की नाबाद पारी खेली थी।

OXFORD COLLEGE OF EDUCATION
(Approved by NCTE & Affiliated to MDU, Rohtak)
Khera Khurrampur, Farukhnagar, Gurugram (HR.)-122506

Election Notification

It is notified that the Election of Governing body of **Oxford College** of Education, Farukhnagar, Gurugram for the post of **President, Vice President, General Secretary, Treasurer, 11 EC Members, 02 Teaching & 01 Non-Teaching staff** representative will be held as per schedule given below:-

Date of Notification- (16.05.2022)

1. Date of Filling of Nomination-30/05/2022–3/06/2022, Time 10:00 am to 2:00 pm
2. Date of Scrutiny- 04/06/2022 – 06/06/2022, Time 10:00 am to 2:00 pm
3. Date of Withdrawal of Nomination- 07/06/2022, Time 10:00 am to 2:00 pm
4. Date of Allotment of Symbols- 08/06/2022 , Time 10:00 am to 2:00 pm
5. Date, Time and Venue of Election- 20/06/2022, Time 10:00 am to 2:00 pm
6. Date of Declaration of Election Result (on the day of election after counting is over) - 20/06/2022

Returning Officer
Mr. Ravinder Kumar (9728102676)

Mob: 8222001929
Email:oxfordcollege3047@gmail.com
Website: oxfordg.com

लिवरपूल बना एफए कप चैंपियन

लंदन। लिवरपूल ने शनिवार को यहां वेम्बले स्टेडियम में चेल्सी को पेनल्टी शूट आउट में 6–5 से हराकर एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। लिवरपूल की यह 2006 से एफए कप में पहली खिताबी जीत है और इसके साथ ही मैनेजर जुर्गेन क्लोप ने टीम के साथ सभी बड़े खिताब जीतने की उपलब्धि भी हासिल कर ली। इस जीत के साथ लिवरपूल की टीम साल में चार बड़ी ट्रॉफी जीत की दौड़ में बनी हुई है। फरवरी में लीग कप फाइनल की तरह एफए कप फाइनल का स्कोर भी 120 मिनट के निर्धारित समय के बाद 0–0 रहा जिसके बाद लिवरपूल ने एक बार फिर बाजी मारी। दोनों टीम पेनल्टी शूट आउट में 5–5 से बराबर थी जिसके बाद चेल्सी के मिडफील्डर मेसन माउंट पेनल्टी को गोल में बदलने में नाकाम रहे और कोन्सटेनटिनोस सिमिकास ने लिवरपूल की ओर से पहला गोल दागकर उसे शूट आउट में जीत दिला दी। चेल्सी लगातार तीन एफए कप फाइनल हारने वाली पहली टीम भी बन गई।

GLOBALHILLVIEW
calm & serenity at its best

V. K. MOTORS PVT. LTD.
GLOBAL HILL VIEW, SECTOR 11, SOHNA, GURUGRAM
LICENCE NO. 26 OF 2014

उन आवेदकों की सूची जिन्होंने मांग की तारीख से 15 दिनों के बाद उन्हें जारी नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं किया है। निम्नलिखित आवेदकों को इस रद्दीकरण को रोकने के लिये इस विज्ञापन के माध्यम से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करने के लिये सूचित किया जाता है। सभी आवेदकों जिनके भुगतान निश्चित समय के भीतर प्राप्त नहीं किये जाते हैं, उन्हें आवंटित फ्लैटों का अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी 2013 के अनुसार आवंटन रद्द कर दिया जाएगा।

Apl Code	Unit no.	Apl Code	Unit no.	Apl Code	Unit no.	Apl Code	Unit no.	Apl Code	Unit no.
8279	T5-1405	5220	T3-902	6426	T5-1507	2990	T5-204	5351	T2-1201
8832	T1-1906	4891	T5-703	8827	T2-1407	2692	T2-1005	4089	T4-606
8978	T3-1507	4265	T3-806	1302	T3-701	4894	T5-503	2541	T4-104
5205	T3-1802	6701	T4-105	1166	T1-1205	2835	T1-1102	8042	T5-1101
7026	T1-1106	2839	T2-808	4434	T2-1803	4781	T2-1107	5728	T3-1308
8996	T4-701	6884	T2-1401	1963	T2-804	8897	T4-1802	5337	T2-1502
6003	T4-1408	3837	T1-1908	6088	T4-205	6703	T1-206	8058	T5-808
5043	T1-204	6220	T1-905	8287	T1-505	1975	T1-1801		
4884	T2-1906	5361	T3-1701	3739	T3-105	5209	T1-1002		
6764	T1-1603	1798	T2-1405	5682	T5-801	4931	T1-104		
3049	T1-1103	6452	T3-1006	1105	T5-804	6634	T5-603		

नोटः पहले ही भुगतान किये जाने पर सावधानी से अनदेखा करें।

Corporate Office: P903-905, C Wing, 9th floor, JMD MEGAPOLIS, Sector-48, Sohna Road, Gurugram
Ph: 0124 2659076 / 77 / 78